Requested the Government to arrest the Imam of Jama Masjid, Delhi referring to the newspaper report where he has declared himself as an ISI agent.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : उपाध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान 22 अप्रैल के समाचार पत्र में प्रकाशित एक समाचार की ओर आकर्ित करना चाहता हूं जिसमें जामा मस्जिद के इमाम ने वक्तव्य दिया है कि मैं देश का सबसे बड़ा आईएसआई एजेंट हूं। अगर उन्होंने ऐसा राट्रद्रोही और भड़काऊ बयान दिया है तो निश्चित रूप से आईएसआई और अन्य राट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त सगठनों का मनोबल बढ़ेगा। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इमाम बुखारी ने जो राट्र-विरोधी वक्तव्य दिया है, उन्हें गिरफ्तार किया जाये और उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाये।

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उन पर देशद्रोह की कार्रवाई की जानी चाहिए। आईएसआई द्वारा सारे देश में बम-विस्फोट और दंगे भड़काने की बात हो रही है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am strictly going according to the list. You will get your chance. Please cooperate with the Chair.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : सर, भारत सरकार का विाय है, मुझे भी एक चांस देना।